# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHIKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
*Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378, Website: www.mjpru.ac.in*


दिनांक : 16.12.2025

पत्रांक : रू.वि./प्र.प.प्र./2025/563

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**विषय : (सत्र 2025–26) के लिये पंजीकृत एवं पूर्व से प्रवेशित ऐसे छात्र जिनका किन्हीं करणों से प्रवेश ऑनलाईन सुनिश्चित नहीं किया गया, को एक अन्तिम अवसर प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में, (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर)**

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि 25.09.2025 निर्धारित थी। अब प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र भरने के दौरान यह संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय छात्रों के महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित नहीं कराये जा सके थे।

पूर्व में पंजीकृत एवं पूर्व में प्रवेशित ऐसे छात्र जिनका किन्ही कारणोंवश ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित नहीं हुआ, ऐसे छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित करने का एक अन्तिम अवसर माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर समस्त पाठ्यक्रमों, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में **(प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर)** निम्नानुसार निर्धारित किया जा रहा है, कृपया तदानुसार प्रवेश सुनिश्चित किये जाने का कष्ट करें, जिससे छात्र ससमय परीक्षा आवेदन पत्र भर सकें :–

**ऑनलाईन प्रवेश हेतु पंजीकरण की तिथियाँ निम्नवत् होंगी :–**

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पूर्व में पंजीकृत एवं पूर्व में प्रवेशित ऐसे छात्र जिनका किन्ही कारणोंवश ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित नहीं हुआ, को उ.प्र. शासन/विश्वविद्यालय एवं अन्य नियामक संस्थाओं के नियमों तथा आरक्षण हेतु निर्धारित नियमों के अधीन ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित करने की तिथि | 17.12.2025 से 18.12.2025 तक |

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1 समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
2 समन्वयक/उप समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
3 वित्त अधिकारी।
4 परीक्षा नियंत्रक।
5 निजी सचिव–कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6 वै.सहा., कुलसचिव।
7 प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

कुलसचिव